p>

Title: Request the government bring back the Indian people stuck in other countries.

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे (कल्याण): अध्यक्ष महोदय, मैं यहां केन्द्र सरकार का बहुत-बहुत धन्यवाद अदा करना चाहता हूं, खास कर एविएशन मिनिस्टर और एक्सटर्नल अफेयर्स मिनिस्टर को धन्यवाद देना चाहता हूं, क्योंकि कल शाम तक हमारे पास एक कम्प्लेंट आई कि कई लोग जो फिलिपिंस में डॉक्टरी की पढ़ाई कर रहे थे, वे सिंगापुर एयरपोर्ट पर फंसे हैं। वे 50 से ज्यादा बच्चे 24 घंटे के भीतर आज फ्लाइट में हैं और जल्द से जल्द मुंबई आने वाले हैं।

इसलिए मैं सरकार को धन्यवाद देता हूँ और इसी के साथ कहना चाहता हूँ कि कई डॉक्टर्स भी ताशकंद में फंसे हुए हैं। जो लोग एयरपोर्ट पर फंसे हैं, सबसे पहले उनको लाना जरूरी है, क्योंकि वे वापस भी नहीं जा सकते और भारत भी नहीं आ सकते हैं, क्योंकि भारत ने एडवाइज़री जारी की है। इसलिए जिस प्रकार से, इन बच्चों को लाया गया है, वैसे ही अलग-अलग देशों में जो लोग फंसे हैं, जो ट्रांजिट में हैं, उनको प्रायरिटी देकर जल्द-से-जल्द लाया जाए।

माननीय अध्यक्ष: श्री श्रीरंग आप्पा बारणे और कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे द्वारा उठाए गए विषय से संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।